## सरस्वती शिशु मंदिर पानसेमल में कुटुंब प्रबोधन



**पानसेमल।** सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन एवं धर्म जागरण के विषयों पर जागरूक किया गया। अतिथियों ने मां सरस्वती, भारत माता व प्रणव अक्षर ओम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि लक्ष्मी चौहान हाई स्कूल प्राचार्य, मुख्यवक्ता जागृति चावड़ा, अध्यक्षता चंपा बाई जैन रहे। प्रस्तावना विद्यालय की सुमित्रा पवार ने किया। संचालन लतिका मुजले ने किया। अतिथि ने कुटुंब प्रबोधन नारी के सप्त गुण कीर्ति, स्मृती, मेधा, धृति, क्षमा, गुण की व्याख्या करते हुए कहा कि नारी ही परिवार व समाज की आधारशिला है। नागरिक कर्तव्य स्वदेशी इस पर प्रकाश डाला। सनातन संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी ममता चौधरी ने संपन्न कराई। लक्ष्मी चौहान ने संकल्प दिलाया। माता, भैया, बहनें उपस्थित रही। ज्योति चौधरी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष कुश चौहान एवं प्राचार्य देवेंद्र सोनवणे सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## अजित जैन मित्र मंडल को किया सम्मानित



**बड़वानी।** मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा का 8वां स्नेह सम्मेलन नवलपुरा यादव धर्मशाला में हुआ। इस अवसर पर शहर में विभिन्न सेवा प्रकल्प को संचालित करने वाले अजित जैन मित्र मंडल को सम्मानित किया। अजित जैन 1998 से सेवा कार्यों से जुड़े हुए हैं और मित्र मंडल द्वारा दोनों कोरोना की लहर में शहर में महत्वपूर्ण सेवाएं दी गई थी। वही दूसरी ओर मित्र मंडल द्वारा अब तक 231 भटकते हुए बड़वानी आए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य भी किया गया है। इसी तरह 219 बेसहारा लोगों के अंतिम संस्कार भी किए हैं, तो 2013 से जरुरतमंदों के लिए भोजन सेवा की संचालित की जा रहीं हैं।


# बकायादारों के लिए बड़ी राहत

### समाधान योजना से सरचार्ज माफी शुरू, 87 उपभोक्ताओं ने सात दिन में जमा किए 2 .19 लाख

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले के विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से मप्र पश्चिम क्षेत्र विविकं द्वारा शुरू की गई समाधान योजना को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। बकायादार उपभोक्ताओं को उनके पुराने बिलों पर लगने वाले सरचार्ज से मुक्ति दिलाई जा रही है। 1 नवंबर से प्रारंभ हुई इस योजना में अब तक 87 उपभोक्ताओं ने 2 लाख 19 हजार रुपए जमा कराए हैं, जिसके बदले उन्हें 29 हजार रुपए के सरचार्ज से छूट मिली है।

बिजली कंपनी के अनुसार जिले में 3.26 लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें से 1.62 लाख बकायादार हैं। इन पर 51 करोड़ 33 लाख रुपए का बकाया दर्ज है। यदि सभी पात्र उपभोक्ता समय पर बकाया जमा करते हैं, तो कंपनी द्वारा 7 करोड़ 12 लाख रुपए का सरचार्ज माफ किया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत तो मिलेगी ही, साथ ही कंपनी को राजस्व सुदृढ़ करने में भी मदद मिलेगी। योजना के प्रथम चरण में घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर पूरी 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी देने का प्रावधान किया है। वहीं व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर 80 प्रतिशत सरचार्ज छूट है।

**फैक्ट फाइल –**



अब तक जमा राशि – 2.19 लाख रुपए
अब तक माफ सरचार्ज – 29 हजार रुपए
कुल बिजली कनेक्शन – 3.26 लाख
कुल बकायादार – 1.62 लाख
कुल बकाया राशि – 51 करोड़ 33 लाख रुपए
संभावित सरचार्ज माफी – 7 करोड़ 12 लाख रुपए
घरेलू/कृषि उपभोक्ता छूट – 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी
व्यावसायिक/औद्योगिक उपभोक्ता छूट – 80 प्रतिशत सरचार्ज माफी

### राशि जमा करने की सुविधा

जो उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान नहीं कर सकते, उन्हें कंपनी ने छह आसान किश्तों में राशि जमा करने की सुविधा दी है। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को 70 प्रति सरचार्ज माफी का लाभ मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बकाया चुकाने के लिए प्रेरित करना और जिले की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखना है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि ये योजना सीमित समय के लिए है। इसलिए बकायादार उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वे समय रहते बिलों का भुगतान कर इस लाभकारी योजना का फायदा उठाएं।

समाधान योजना का द्वितीय चरण 1 जनवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण में छूट की दरें कुछ संशोधित होंगी। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर 90 प्रतिशत सरचार्ज छूट मिलेगी। 6 किश्तों में भुगतान करने पर 60 प्रतिशत सरचार्ज छूट लागू होगी। गैर-घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर 70 प्रतिशत व किश्तों पर 50 प्रतिशत सरचार्ज छूट दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम चरण में अधिकतम छूट उपलब्ध है, उपभोक्ताओं को इससे समय पर लाभ उठाना चाहिए।

बिजली कंपनी की टीमें जिलेभर में 1.62 लाख बकायादार उपभोक्ताओं से सतत संपर्क कर रही हैं। कई स्थानों पर विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर भी योजना का प्रचार-प्रसार हो रहा है, वहीं टेलीविजन और स्थानीय माध्यमों से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### पात्र उपभोक्ता ले योजना का लाभ

योजना में एकमुश्त भुगतान के साथ 6 किश्तों में राशि जमा करने की सुविधा दी गई है। 7 दिन में 87 उपभोक्ताओं ने 2 लाख 19 हजार रुपए जमा किए हैं, जिनमें से 29 हजार रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। हमारा लक्ष्य है कि सभी पात्र उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेकर बकाया मुक्त हो।

**कंपनी ने दी सुविधा**

- राशि जमा करने के लिए कंपनी द्वारा सुविधा दी गई है।
- 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी देने का किया है प्रावधान।

## जनशिक्षा केंद्र स्तरीय प्रतियोगिता 18 नवम्बर को

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन में जिले की सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए ओलम्पियाड सत्र 2025-26 अंतर्गत प्रथम चरण की जनशिक्षा केंद्र स्तरीय प्रतियोगिता 18 नवम्बर को प्रदेश के साथ-साथ जिले के 7 विकासखण्ड के 75 जनशिक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ने निर्देश जारी किए है।

## रामगढ़ तक मार्ग निर्माण की घोषणा



**पानसेमल, ( नवभारत )।** पानसेमल व पाटी सीमा स्थित रामगढ़ जाने के लिए पहुंच मार्ग की घोषणा हाल ही में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा की गई थी। जिसके बाद रामगढ़ बाबा बजरंग दर्शन के लिए जाने वाले भक्तों व ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। रामगढ़ मित्र मंडल जलगोन ने लाला जोशी ने बताया कि लंबे समय से इस मार्ग की मांग की जा रही थी, जिसके बाद विधायक श्याम बर्डे के निरंतर प्रयासों से मार्ग निर्माण की घोषणा हुई। सांपखड़की से रामगढ़ तक की दूरी करीब 10 किमी का मार्ग निर्माण किया जाएगा।

बता दे कि पानसेमल से करीब 23 किमी की दूर दुर्गम रास्तों के बीच सतपुड़ा की मनोरम पहाड़ियों पर अतिप्राचीन ऐतिहासिक किला एवं बाबा बजरंग का मंदिर स्थित है। जहां श्रद्धालु दर्शन कर अपनी मुरादें पाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार ऐतिहासिक परमार कालीन किला अब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। जिसके संरक्षण की भी बहुत आवश्यकता है।

रामगढ़ मित्र मंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विधायक श्याम बर्डे का आभार जताया है। विधायक श्याम बर्डे ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हूं जनता के आशीर्वाद व स्नेह से प्रेरणा मिलती है। सभी के सहयोग, विश्वास के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

# जनजातीय गौरव दिवस मनाया

**पानसेमल, ( नवभारत )।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपाई शासमहा में कार्यक्रम किया। छात्र और छात्राएं उपस्थित थे। अतिथि के रूप में अजय लोहारे जिला मंत्री अजजा मोर्चा, जगदीश भंडारी जनपद सदस्य, रामदास तरोले मंडल अध्यक्ष अजजा मोर्चा रहे। मेंटर संदीप पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। छात्र बसंत पाड़वी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष के बारे में अपने विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भगवान बिरसा मुंडा को प्रेरणा मानते थे। कार्यक्रम का संचालन मेंटर चेतन चंद्रात्रे ने किया तथा आभार मेंटर डॉ जागीरदार बरडे ने माना। कार्यक्रम में मेंटर्स राजकुमार तापकिरे, कमल आर्य, श्याम सिरसाट, मोहन पावरा, तजिंदर कौर सहित सदस्य

# विद्यार्थियों के लिए सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 18 नवम्बर**

क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

शुभारंभ विधायक श्याम बर्डे ने अतिथियों के साथ माता सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि सत्कार के बाद उपस्थितों ने विचार व्यक्त किए।



विधायक श्याम बर्डे ने विद्यार्थियों का होंसला बढ़ाया। इस दौरान सचिन चौहान, कन्हैया सिसोदिया एवं नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के विधानसभा नोडल अधिकारी डॉ सुनील बागले ने किया। कार्यक्रम के संयोजक

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस दौरान साहेबराव चौधरी, जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वसावे, गोविंद जोशी, सचिन चौहान, चंद्रकांत महाजन, विकास डावर, ब्लॉक कॉर्डिनेटर पण्डितराज मोरे, उत्तम सोलंकी, नितिन निझरे, महेश गोले, सहित अन्य मौजूद थे। पानसेमल विधानसभा में खेल महोत्सव के दौरान 173 टीमों का पंजीयन हुआ

**एक नजर में**

## राजनैतिक दलों के बीएलए को एसआईआर का दिया गया प्रशिक्षण

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीतू माथुर ने जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण ( स्ङ्ख्र) अभियान को गति देने के लिए समस्त बूथ लेवल एजेन्ट को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए ताकि एसआईआर अभियान को समय सीमा में शत प्रतिशत किया जा सकें इसी कड़ी में आज आलीराजपुर मुख?यालय के बूथ लेवल एजेन?टों को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेन्टों को ऑनलाइन और ऑफलाइन गणना प्रपत्र भरने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया । इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त बीएलओं द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्यो की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन की जा रही है साथ ही उन्हें समय सीमा में डिजिटाईजेशन के कार्य को पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया जा रहा है । कलेक्टर माथुर ने संबंधित समस्त निर्वाचन कार्य में जुडे अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा एसआईआर को गंभीरता से करें शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें ।

## ईएमआरएस प्रबंधन कमेटी की बैठक

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में एकलव्य आर्दश आवासीय विद्यालय प्रबंधन कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में किया गया। बैठक में जिले के समस्त एकलव्य विद्यालयों की समीक्षा की गई । जिसमें विद्यालयों की शिक्षा, मूलभूत व्यवस्था,भोजन एवं अन्य भौतिक सुविधाओं पर चर्चा की गई । बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों से चर्चा करते हुए जाना कि उनके बच?चों की शिक्षा के बौद्धिक स्तर मे सुधार , साथ ही परीक्षा परिणामों की प्रगति में हुए परिवर्तन की जानकरी ली और आवासीय विद्यालयो में आ रही परेशानीयों की जानकारी ली। इस बैठक में पालकों एवं प्राचार्य द्वारा बताई समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया गया इस दौरान कलेक?टर श्रीमती माथुर ने समस्त प्राचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके विद्यालयों में अध्ययरत छात्रों के पालकों को आप लोगो से काफी उम?मीद है , उनकी उम्मीदों को पुरा करने के लिए आप लोगों को शिक्षा के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने की आवश?यकता जिससे आगामी दिनों में आयोजित बोर्ड परीक्षा में बच्चे अपना सर्वश्रेष्ठ देकर विद्यालयो के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत दे सके। आप लोगो को सभी कमजोर बच?चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत?साहित करें ताकि बच्चों के मन से परीक्षा के डर को कम किया जा सकें । सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में तैयारी के लिए अभी से पुराने प्रश्न पत्र हल करने , लेखन स्पीड बढाने , उत्तर लेखन की कला की जानकारी देवे ताकि वे अपना परीक्षा में सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके। इस बैठक में समस्त एकलव्य स्कूल के प्राचार्य सहित पालकगण उपस्थित थे।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में 30 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**कुकींग बेकिंग, माईक्रोवेव बेकिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा**

झाबुआ। शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 30 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेडमैप के प्रबंधक कैलाश वर्मा एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया। कॅरियर मार्गदर्शन प्रभारी एवं संचालनकर्ता डॉ. सारिका डूडवे द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में बताया गया कि संस्था में 17 नवंबर से 17 दिसंबर तक कुकींग बेकिंग, माईक्रोवव बेकिंग का प्रशिक्षण प्रशिक्षक प्रीती अरोरा द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को बताया कि यह कला, कौशल सीखने का एक अच्छा विकल्प है। इससे छात्राएं स्वयं का रोजगार खोल कर आय अर्जित कर सकती है। वहीं इससे अनुशासन, धेर्य और रचनात्मकता जैसे सॉफ्ट स्कील्स डेवलप होते है एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

**कुकींग, बेकिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं**-सेडमैप के प्रबंधक कैलाश वर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करते हुए कहा कि कुकींग, बेकिंग एक विशाल क्षेत्र है, यह केवल होटलों, रेस्टोरेंटों और आउटलेट्स तक ही सीमित नहीं रह गया है,

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का दशहरा एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

- जिले से संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य हुए शामिल
- 26 दिसंबर को झाबुआ में मनाया जाएगा पेंशनर्स-डे

**झाबुआ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा धरमपुरी जिला धार में दशहरा एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन एसोसिएशन के प्रांतीय संरक्षक श्री निगम एवं प्रांतीय महामंत्री सुभाष शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें संगठन के संभागीय पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारी एवं तहसील अध्यक्षों ने भाग लिया। झाबुआ जिले से भी एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ।



सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वतीजी की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तहसील शाखा धरमपुरी अध्यक्ष रईस खान एवं अन्य सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। नवीन सदस्यों के साथ जिनकी आयु 75 एवं 85 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, ऐसे वरिष्ठ पेंशनर्स का सम्मान भी पुष्पमाला और शाल-श्रीफल से किया गया। सभी वक्ताओं ने संगठन की एकता और आर्थिक मजबूती पर जोर दिया। साथ ही आगामी समय में होने वाले आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए तैयार रहने हेतु आव्हान किया।

**जिले से यह हुए शामिल**-समारोह में जिला शाखा झाबुआ से प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ललित त्रिवेदी, सचिव राजेन्द्रप्रसाद जोशी एवं कार्यकारिणी सदस्य यशवंत त्रिवेदी, सुनील शुक्ला, प्रदीप पंड्या सम्मिलित हुए। इस अवसर पर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी ने प्रांतीय एवं संभागीय पदाधिकारियों के साथ सभी जिला और तहसील अध्यक्षों से आगामी 25 दिसंबर को झाबुआ में आयोजित होने वाले पेंशनर्स दिवस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रण दिया, सभी ने इसे सहर्ष स्वीकार किया। गरिमामय आयोजन के लिए सभी ने धरमपुरी तहसील शाखा अध्यक्ष रईस खान एवं पूरी टीम को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। सह-भोज पश्चात् समारोह का समापन हुआ।



## उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम, कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए

**आलीराजपुर ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कलेक्टर नीतू माथुर ने जिले के सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को निक्षय मित्र बनने के निर्देश दिए हैं। निक्षय मित्र के माध्यम से टीबी रोगियों को पोषण आहार बास्केट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस उद्देश्य से कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर माथुर ने अपने कर कमलों से टीबी मरीजों को पोषण आहार बास्केट प्रदान की। इस दौरान उन्होंने मरीजों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नियमित रूप से पोषण आहार का सेवन करने से शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता मिलेगी। उन्होंने मरीजों से आग्रह किया कि डॉक्टर के निर्देशानुसार नियमित दवा लेते रहे साथ ही समय समय पर जांच कराए ताकि आपके स्वास्थ में सुधार हो सके।

उन्होंने बताया कि बास्केट में मरीजों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए खाद्य सामग्री शामिल की गई है। कलेक्टर माथुर ने जिले के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से निक्षय मित्र बनने की अपील की, ताकि टीबी मुक्त भारत अभियान को गति दी जा सके और जिले को क्षयरोग मुक्त बनाने का लक्ष्य जल्द पूरा हो सके। इस दौरान जिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अधिकारी तथा प्रभारी जिला क्षय

## वीडियों कॉल कर कलेक्टर माथुर ने लगाई फटकार

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले में ऑगनवाडी की व्यवस्था में सुधार लाने एवं बच्चों को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध करने के उद्देश्य से आज कलेक्टर कक्ष से ही वीडियों कॉल से लाईव कॉल के माध्यम से आधारकॉच स्थित बडमानी फलिया की आंगनवाडी की जॉच की । जॉच के दौरान दिए जा रहे भोजन को देखा , बच्चों की संख्या और बच्चों को दी जा रही नैतिक शिक्षा के बारे में जाना ।

**एक नजर** आलीराजपुर में सरस्वती शिशु मंदिर उमावि दशहरा मैदान नवनिर्मित जीजाऊ साहेब सभागार में हुआ

# सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न

**आलीराजपुर.** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि दशहरा मैदान, आलीराजपुर के नव निर्मित जीजाऊ साहेब सभागार में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ. विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में तथा विद्या भारती मालवा प्रांत के निर्देशन में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । यह आयोजन समृद्व भारत एवं समाज परिवर्तन हेतु मातृशक्ति के समर्थ नेतृत्व और रा-ुनवजयट्र निर्माण में उनके योगदान को समर्पित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति के सात स्वरूपों - ुउचय कीर्ति, स्मृति, मेधा, धृति, और क्षमा-ुउचयको जागृत कर महिलाओं में नेतृत्व, संगठन और सृजन की भावना को सुदृढ्व करना था।



कार्यक्रम का -शुभारंभ नव युग का नव विचार आया गीत से हुआ, जिसके बाद दीप प्रज्वलन एंव संस्कृत वंदना के माध्यम से वातावरण को पवित्रता से ओतप्रोत विद्यालय के भैया बहिनों ने किया। इसके पष्चात अतिथि परिचय सुश्री मोनिका डावर एवं अतिथि स्वागत अभिभावक परिवार से सीमा - शर्मा व पूर्व दीदी कुसुम कौरसिया, सुश्री -शैफाली परिहार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम टोली की सह संयोजिका अक्षिता प्रतिक राठौर द्वारा प्रस्तुत की गई, जिन्होने मातृशक्ति के सशक्तिकरण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला व आओ सखी संवारे अपना घर की प्रस्तावना रखी। उसके उपरांत हम ही मातृशक्ति है।

गीत बहिन खुशी मौर्य व निहारिका जोशी के दल द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसने कार्यक्रम में एकता और उत्साह का वातारण निर्मित किया। कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संदर्भ में भारतीय दृ-ुनवजयट पर मुख्य वक्ता अमृता भावसार (उपाध्यक्ष ग्राम भारती मालवा प्रांत व प्रांतिय संयोजिका सप्त -शक्ति संगम समिति मालवा प्रांत), ने अपने विचार रखें। विद्यालय की मातृशक्ति जो कि वीरांगनाओं (जीजा माता, रानी लक्ष्मीबाई व ज्योति बा फूले ) के रूप में आई थी उन्होने नारीशक्ति का जीवंत स्वरूप प्रस्तुत किया, इन वीरांगनाओं से सह वक्ता सीमा जोशी (जिला संयोजिका सप्त - शक्ति संगम आलीराजपुर जिला) ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका वि-ुनवजयाय पर सारगर्भित व्यक्तव्य दिया और इसके उपरांत समाज में नारी - शक्ति का आदर्श स्वरूप एवं नवराष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही विषि-ुनवजयट माताओं का सम्मान किया गया जिसमें संयुक्त परिवार श्रेणी में कंचन देवड़ा, भागिरथी सराफ , सावित्रीराठौर, भावना राठौर, , भूरीबेन माली, चिकित्सा श्रेणी में डॉ. नेहा सोलंकी, धार्मिक श्रेणी में भद्रबेला अरूण गेहलोत, साहित्य श्रेणी में आरती सोलंकी का मंच से सम्मान किया गया। इसके उपरांत मातृशक्ति में मानसी गुप्ता अपने अनुभव साझा किए। अगली कडी में मातृशक्ति को सप्तशक्ति संकल्प दिलवाया गया। अंत में दिपीका पंवार सह संयोजिका धार विभाग द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पुप्पलता (अध्यक्ष विद्यालय संचालन समिति) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बलिराम बिल्लौरे, विद्यालय को-ुनवजयाध्यक्ष प्रतिक राठौड, जवाहरलाल जैन, तथा बडी संख्या में मातृशक्ति, पूर्व आचार्य परिवार, वर्तमान आचार्य परिवार व समाज